मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
किसान भवन, 26, अरेरा हिल्स, भोपाल

वेबसाइट - www.mpmandiboard.gov.in ईमेल आईडी - pdps.mpsamb@gmail.com

क्रमांक/भावांतर/(E-1108392)/ **भोपाल, हस्ताक्षरित दिनांक**

प्रति

संयुक्त संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय - _____ (समस्त)

विषय - **कृषि उपज सरसों हेतु भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत मंडी प्रांगण/उपमंडी प्रांगण में तैयारियों के संबंध में।**

राज्य शासन द्वारा सरसों हेतु भावांतर योजना प्रारंभ की जा रही है। उक्त योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां सुनिश्चित की जाना है। खरीफ 2025 हेतु सोयाबीन में भावांतर योजना में की गई तैयारियों के क्रम में ही निर्देशित किया जाता है कि समस्त आंचलिक संयुक्त संचालक अपने-अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत मंडी समितियों के मंडी प्रांगणों/उप मंडी प्रांगणों का स्थल निरीक्षण कर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु तैयारियों का परीक्षण निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर करना सुनिश्चित करें -

1. मंडी एवं उपमंडी गेट(चेक-पोस्ट) पर प्रवेश पर्ची कंप्यूटर से जारी किए जाने हेतु आवश्यक कंप्यूटर हार्डवेयर तथा इंटरनेट की व्यवस्था।
2. ई-मंडी हेतु **POS** मशीन, आवश्यक कंप्यूटर हार्डवेयर तथा इंटरनेट की व्यवस्था।
3. मंडी में कृषि उपज सरसों की आवक एवं विक्रय हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं।
4. योजना अंर्तगत इलेक्ट्रॉनिक तौल की व्यवस्था।
5. **CCTV** कैमरा मॉनिटरिंग एवं रिकॉर्डिंग संधारण की व्यवस्था।
6. वीडियो रिकॉर्डिंग एवं रिकॉर्डिंग संधारण की व्यवस्था।
7. **FAQ** निर्धारण के संबंध में सैंपलिंग की कार्यवाही।
8. आवश्यकता अनुसार कर्मचारियों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण।
9. मंडी प्रांगण एवं उपमंडी प्रांगण में साफ-सफाई की व्यवस्था।

10. आवश्यक कृषक सुविधाओं जैसे किसानों के लिए बैठने के लिए छायादार स्थान, शुद्ध पेयजल, कृषक विश्राम गृह आदि आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता।
11. कृषक भोजनालय/कैंटीन की व्यवस्था।
12. योजना अंर्तगत कृषि उपज सरसों के नीलामी स्थल हेतु शेड का आरक्षण एवं स्थल पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था।

मंडियों एवं उपमंडियों के निरीक्षण उपरांत संबंधित मंडी समिति को आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएं तथा निरीक्षण प्रतिवेदन संक्षिप्त टिप्पणियों सहित मुख्यालय को 01 सप्ताह में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

(प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित)

Digitally signed by
Anurag Saxena
Date: 06-03-2026
11:02:49

(अनुराग सक्सेना) IAS
अपर प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/भावांतर/(E-1108392)/ **भोपाल, हस्ताक्षरित दिनांक**

प्रतिलिपि – **कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -**

1. स्टाफ ऑफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल।
2. निज सहायक, सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल।
3. निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
4. भारसाधक अधिकारी/सचिव, कृषि उपज मंडी समिति..........जिला-...........(समस्त)

अपर प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल